दिन– शुक्रवार दिनांक– 12 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय सशस्त्र बल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देंगे।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत बिहार को धन आवंटन की समीक्षा की जाएगी।

03. प्रदेश की अनिमा कुमारी ने सर्बिया में आयोजित वर्ल्ड डेफ चेस चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया।

04. और, प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय। मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, पटना, गया और कटिहार समेत पंद्रह जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

केंद्रीय सशस्त्र बल पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने यह घोषणा की है। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल जैसे केंद्रीय बलों के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का एक बड़ा कदम उठाया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी प्रबंध कर लिए गये हैं।

–––बाईट––

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा कि अग्निवीर सैनिकों के रूप में तैयार हो रहे हैं और इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इससे सभी बल लाभान्वित होंगे।

–––बाईट–––

रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि आरपीएफ में कांस्टेबल पद के लिए सभी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण होगा।

———बाईट———

सशस्त्र सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह ने कहा है कि बल ने पूर्व अग्निवीरों के लिए कांस्टेबल की दस प्रतिशत रिक्तियों में पहले बैच को आयु में पांच साल की छूट दी जाएगी।

———बाईट———

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को सी.आर.पी.एफ. में भर्ती करने की सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं।

———बाईट———

---

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत बिहार को धन आवंटन की समीक्षा की जाएगी। श्री चौहान ने बिहार के कृषि मंत्री मंगल पांडे के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने रबी बीजों की आपूर्ति के लिए शीघ्र योजना बनाने का आश्वासन भी दिया। श्री चौहान ने कहा कि खरीफ सीजन के लिए बीजों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

---

केंद्रीय जांच ब्यूरो—सी.बी.आई. ने नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में राकेश रंजन उर्फ रॉकी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रॉकी को दस दिनों के लिए सी.बी.आई. की हिरासत में भेज दिया गया है। उसे नीट पेपर लीक मामले का सरगना माना जा रहा है। वह इस रैकेट के एक अन्य प्रमुख व्यक्ति संजीव मुखिया से भी जुड़ा हुआ है, जो दो दशकों से घोटाले में शामिल है और फरार है। सीबीआई के अनुसार जांच एजेंसी ने मामले में अबतक बारह लोगों को गिरफ्तार किया है। सी.बी.आई. और विभिन्न राज्य पुलिस बल इस रैकेट की जांच कर रहे हैं जिसमें नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करना शामिल है। सी.बी.आई. ने अब तक छह प्राथमिकी दर्ज की है।

---

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में शामिल संस्थानों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार आवेदन आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार, दो हजार

चौबीस के लिए ऑनलाइन नामांकन इस महीने की इकतीस तारीख तक भरे जा सकेंगे। सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय हर साल तीन दिसंबर को दिव्यांगजन अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर व्यक्तियों, संस्थानों, संगठनों, राज्य और जिला को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए किए गए उनके उत्कृष्ट कार्य और उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करता है।

---

प्रदेश की अनिमा कुमारी ने इंटरनेशनल चेस काउन्सिल ऑफ द डेफ द्वारा सर्बिया के बेलग्रेड में आयोजित वर्ल्ड डेफ चेस चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया है। उनकी इस जीत से प्रदेशभर में हर्ष का माहौल है। खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता और राज्य खेल प्राधिकरण के निदेशक रविन्द्रशंकरण ने अनिमा की इस जीत पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार किशनगंज और अररिया में अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है, जबकि पटना, नालंदा, गया, कटिहार, बांका, खगड़िया और जमुई समेत दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व बिहार के तेरह जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज के बहादुरगंज में सबसे अधिक एक सौ बारह दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। सुपौल के त्रिवेणीगंज में एक सौ दो, बेगूसराय के साहेबपुर कमाल में छिहत्तर दशमलव चार और अररिया के नरपतगंज में साठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है।

---

नेपाल के तराई क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते राज्य में गंडक, कोसी, बागमती महानंदा और परमान समेत कई अन्य नदियां उफान पर हैं। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान से सतहत्तर सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से पचासी सेंटीमीटर ऊपर बना हुआ है। इधर, शिवहर जिले में बागमती नदी के जलस्तर में फिर वृद्धि का सिलसिला शुरू हो गया है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने बताया कि

तटबंधों में हो रहे कटाव को रोकने के लिए लगातार सुरक्षात्मक कार्य चलाया जा रहा है। बोरों में बालू भरकर कटाव वाले स्थानों पर रखा जा रहा है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से नवासी सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। महानंदा नदी का जलस्तर पूर्णियां के ढेंगराघाट में एक सौ इक्कीस और कटिहार के झावा में उनचीास सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। इधर, परमान नदी भी अररिया में खतरे के निशान से छियासठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है।

---

राज्य में विभिन्न नदियों के उफान पर रहने के कारण सुपौल, सहरसा, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और मधुबनी समेत कई जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने के साथ ही नये इलाकें में भी बाढ़ का पानी फैलने लगा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सहरसा जिले के पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर दियारा क्षेत्र के निचले इलाके के सड़कों पर जलभराव से आवागमन प्रभावित हुआ है। वहीं, सुपौल जिले में कोसी नदी के जलस्तर में पहले के मुकाबले कमी आई है। भीमनगर कोसी बराज से एक लाख तिरासी हजार नौ सौ पंचानवे क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया है। मधुबनी जिले के मधेपुर प्रखंड क्षेत्र के कोसी दियारा इलाके में बाढ़ का पानी फैल गया है। कटिहार से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में महानंदा, गंगा, कोसी और बरंडी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से नये इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये हैं।

---

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कल किया जाएगा। पटना के जिलाधिकारी सह–जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि इस लोक अदालत में छोटे आपराधिक मामले, बैंक लोन और वाहन दुर्घटना बीमा समेत अन्य मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनतीस जुलाई से तीन अगस्त के दौरान नई दिल्ली में विशेष लोक अदालत का भी आयोजन किया जाएगा।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने सहरसा–सुपौल और सहरसा–दौरम मधेपुरा के बीच एक–एक जोड़ी नई मेमू सवारी रेलगाड़ियों का परिचालन करने का निर्णय लिया है। दोनों रेलगाड़ियां सोलह जुलाई से चलेंगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि सहरसा– सुपौल मेमू सवारी रेलगाड़ी चार बजकर पैंतालीस

मिनट पर सहरसा से रवाना होगी। वहीं, सहरसा–दौरम मधेपुरा सवारी रेलगाड़ी बारह बजकर तीस मिनट पर सहरसा से प्रस्थान करेगी।

---

रोहतास जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में छह आरोपितों को आजीवन कारावास के साथ बीस–बीस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

---

प्रदेश में पुलिस ने पिछले चौबीस घंटों के दौरान लगभग साढ़े पांच हजार लीटर शराब के साथ दस तस्करों को गिरफ्तार किया है। मद्यनिषेध विभाग के अनुसार बेगूसराय, सारण, कैमूर, पूर्णिया और गोपालगंज जिले में कार्रवाई के दौरान चार वाहन, पांच मोटरसाईकिल और दो मोबाईल बरामद किये गये हैं।

---

सीवान जिले में बरसात के दौरान पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई।

---

अरवल में जिला कृषि विभाग की ओर से मोटे अनाज के उत्पादन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में ज्वार, मडुवा, चीना और बाजरा की खेती करने के लिए किसानों को बीज और उर्वरक उपलब्ध कराया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– बिहार से दूसरे राज्य जाने वाली बसों के परमिट की होगी जांच। उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री ने दिया कार्रवाई का निर्देश।

**दैनिक जागरण** ने नीट प्रश्न पत्र लीक मामले को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– नीट का पेपर सिर्फ बिहार और झारखंड में हुआ लीक।

**दैनिक भास्कर** ने राज्य में शिक्षकों के तबादले और स्थापना के लिए समीक्षा बैठक को सुर्खी दी है। अखबार का शीर्षक है– राज्य में चार तरह के शिक्षक। पति–पत्नी शिक्षक होंगे, तो दोनों एक ही स्कूल या इसके आस–पास रहेंगे।

**प्रभात खबर** ने प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के हवाले से लिखा है– एक पेड़ सौ संतान के बराबर।

**आज** अखबार की बड़ी खबर है– नए सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन केन्द्र होगा स्थापित।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय सशस्त्र बल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण देंगे।

02. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा – राष्ट्रीय कृषि विकास योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत बिहार को धन आवंटन की समीक्षा की जाएगी।

03. प्रदेश की अनिमा कुमारी ने सर्बिया में आयोजित वर्ल्ड डेफ चेस चैम्पियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया।

04. और, प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय। मौसम विभाग ने आज अररिया, किशनगंज, पटना, गया और कटिहार समेत पंद्रह जिलों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।